# अग्रवाल महाविद्यालय में रक्तदान शिविर व ग्राहक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

आज दिनांक 02 अक्टूबर, 2018 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत बल्लबगढ़, राष्ट्रीय मित्र मंडल वेलफेयर सोसायटी दिल्ली व अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ. के युवा रैड क्रॉस, रैड रिबन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से रक्तदन व ग्राहक जागरूकता संदोष्ठी का आयोजन हुआ। शिविर में लगभग 72 इकाई रक्त इकट्ठा हुआ। संगोष्ठी में दोनों विषयों की विस्तृत चर्चा हुई व डॉक्टरों ने रक्त दान करने पर शारिरिक, सामाजिक व आत्मिक लाभों के बारे में बताया। रक्त दान एक महादान बताया गया है क्योंकि इससे दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों, थैलिसिमिया ग्रस्त बच्चों व मरीज़ों जिन्हें रक्त की अत्यंत आवश्यकता होती है उनका जीवन बचाया जाता है। दुकानदारों से अपना बचा हुआ एक रूपया भी वापस लेना, केवल ISI मार्का सामान की खरीदारी करना, GST की जानकारी प्राप्त करना, सामान खरीदने के बाद दुकानदारों से बिल जरूर लेना, कभी अधिकतम खुदरे मूल्य से ज्यादा पैसे ना देना, महंगी दवाईयों की बजाए जैनेरिक दवाईयों के उपयोग आदि ग्राहक पंचायत संगोष्ठी के मुख्य बिंदु रहे। थैलिसिमिया से बचने के लिए जब शादी होती है तो उससे पहले वर–वधु के खूँन की जाँच करवानी चाहिए ताकि

दोनों का खून –ve ना हो इससे बच्चे के थैलिसिमिक होने की प्रतिशतता अधिक हो जाती है ।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत जी ने कहा कि रक्त दान करने के बाद जो आत्मिक सुख मनुष्य को प्राप्त होता है उसका अनुभव अत्यंत सुखदायी होता है व बताया कि भारत को भ्रष्टाचार मुक्त करन के लिए ग्राहकों को स्वयं जागरूक बनना पडेगा और हर एक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी इसके लिए अनिवार्य है किसी एक व्यक्ति के करने से यह संभव नहीं। हरियाणा मानव अधिकार आयोग के सदस्य अधिवक्ता श्री दीप जी भाटिया जी ने मानव अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी व उन्होंने महिलाओं पर हो रहे अत्यचारों पर प्रकाश डालते हुए समाज से अपना दृष्टिकोण बदलने की अपील की। इस अवसर पर प्रदीप बंसल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत श्री हुकम सिंह भाटी, श्री भारत भूषण शर्मा, कुंदन ग्रीन वैली, राजस्थान मित्र मंडल, कनिष्क, मुनेश शर्मा, हरिमोहन, टिंकू, ओमप्रकाश गुप्ता, सन्नी, रवि व महाविद्यालय के  वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. उषा अग्रवाल, डॉ. के.एल. कौशिक, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. नरेश कॉमरा, डॉ. मनोज शुक्ला व महाविद्यालय की युवा रैड क्रॉस, रैड रिबन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।